**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ**

पीठासीन अधिकारी का नाम : पंकज गढ़वाल (आर०ए०एस०)

प्रकरण संख्या – 386/2023

अनवान : –

1. राकेश कुमार पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।

– वादी

बनाम्

1. दयाराम पुत्र मनीराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
2. चन्द्रमुखी पत्नी दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
3. चन्द्रसैन पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
4. नरेश कुमार पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
5. राजबाला पुत्री दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– प्रतिवादीगण

दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त० अधि० 1955

उपस्थिति :– श्री मांगेराम गोदारा अधिवक्ता वादी
पैरोकार राज

निर्णय दिनांकः 13/08/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्तायह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स० 42/42 की कुल 3.5420 हैक्ट भूमि मे से 1/2 हिस्सा भूमि प्रतिवादी स० 1 एवं खाता स० 34/33 की कुल 1.5180 हैक्ट भूमि प्रतिवादी स० 2 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्मजात हक हिस्सा है प्रतिवादी संख्या 1 व 2 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण वाद भूमि प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के नाम दर्ज हो गई उक्त वाद भूमि में वादी एवं प्रतिवादी संख्या 3 ता 5 का प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के साथ जन्म जात हक हिस्सा है। प्रतिवादी स० 1 व 5 ने अपना हक हिस्सा त्याग कर शुन्य कर लिया है बाद हक त्याग खाता स० 42/42 की वाद भूमि पर वादी व प्रतिवादी स० 3 बहिब काबिज है तथा खाता स० 34/33 की भूमि पर प्रतिवादी स० 2 व 4 बहिब काबिज है। जिसकी वादी न्यायालय से घोषणा करवा पाने का अधिकारी है। यही बिनाय दावा है।

वादी ने प्रतिवादी स० 1 व 2 को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री [illegible] की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे [illegible] करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.05 13:21:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 5 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 5 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 6 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम व पुरानी जमाबंदी पेश की जो की शामिल मिसल की गई।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्मजात हक हिस्सा है प्रतिवादी संख्या 1 व 2 कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण बाद भूमि प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के नाम दर्ज हो गई उक्त वाद भूमि में वादी एवं प्रतिवादी संख्या 3 ता 5 का प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के साथ जन्म जात हक हिस्सा है। प्रतिवादी स0 1 व 5 ने अपना हक हिस्सा त्याग कर शुन्य कर लिया है बाद हक त्याग खाता स0 42/42 की वाद भूमि पर वादी व प्रतिवादी स0 3 बहिब काबिज है तथा खाता स0 34/33 की भूमि पर प्रतिवादी स0 2 व 4 बहिब काबिज हैं। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 42/42 की कुल 3.5420 हैक्ट भूमि मे से 1/2 हिस्सा भूमि प्रतिवादी स0 1 एवं खाता स0 34/33 की कुल 1.5180 हैक्ट भूमि प्रतिवादी स0 2 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। वादी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से उक्त वाद भूमि पैतृक भूमि होना साबित है तथा उभयपक्ष ने भी उक्त वाद भूमि हिन्दु परिवार की साझा आय से अर्जित पैतृक कृषि भूमि होना जाहिर किया है। वादी द्वारा पत्रावली में दर्शाये गये सजरा खानदान के अलावा प्रतिवादी संख्या 1 के अन्य कोई वारिस नही होना स्वीकार किया गया है। प्रतिवादी संख्या 1 व 5 ने अपना हक हिस्सा त्याग कर शुन्य कर लिया हैं। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल पेश किया गया है कि बाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 को कोई एतराज नही है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.05 13:21:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 42/42 की कुल 3.5420 हैक्ट भूमि में से 1/2 हिस्सा भूमि में प्रतिवादी स0 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी व प्रतिवादी स0 3 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है तथा रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 34/33 की कुल 1.5180 हैक्ट भूमि में प्रतिवादीया स0 2 के साथ प्रतिवादीया स0 4 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/— रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करें। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करें। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13/08/2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.05 13:21:19 IST
Reason: SelfAttested

# पर्चा डिक्री

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या – 386/2023

अनवान : –

1. राकेश कुमार पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।

– वादी

बनाम्

1. दयाराम पुत्र मनीराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
2. चन्द्रमुखी पत्नी दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
3. चन्द्रसैन पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
4. नरेश कुमार पुत्र दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
5. राजबाला पुत्री दयाराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– प्रतिवादीगण

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 386 सन 2023 निर्णय दिनांक** 13/08/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री मांगेराम गोदारा एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 42/42 की कुल 3.5420 हैक्ट भूमि में से 1/2 हिस्सा भूमि में प्रतिवादी स0 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी व प्रतिवादी स0 3 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है तथा रोही मौजा 11 जेएसएन तहसील नोहर के खाता स0 34/33 की कुल 1.5180 हैक्ट भूमि में प्रतिवादीया स0 2 के साथ प्रतिवादीया स0 4 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 13/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.05 13:21:19 IST
Reason: SelfAttested